WORLD CANCER DAY 2023

VCAS, BIJNOR

कैंसर रोग के मुख्य निदान और चिकित्सा पर डाला प्रकाश

● जनवाणी संवाददाता, बिजनौर

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एंड हॉस्पिटल, बिजनौर में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के प्रथम दिन मुख्यवक्ता के रूप में प्राचार्य वैद्य संदीप अग्रवाल ने कैंसर रोग के मुख्य निदान एवं चिकित्सा पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य वैद्य संदीप अग्रवाल ने अपने जीवन के अनुभव कैंसर रोगियों के सम्बन्ध विद्यार्थियों को साझा करते हुए बताया कि मूंग की दाल का पानी, मांस रस व प्रियंगु, लोध्र जैसी औषधीय पौधों का विभिन्न प्रकार के अंगों से जुडे कैंसर रोग में चमत्कारी प्रभाव डालते है। उन्होंने कैंसर की बीमारी में प्रयोग की जाने वाली औषधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रोफेसर डा. राजीव लोचन दास ने बताया की द्वन्द्वात्मक प्रकृति एवं मनुष्य का ही एक प्रतिबिंब कोशिकाओं के रूप में उसके अन्दर एक विपरीत परिधान का निर्माण करता है, इन दोनों को कर्क रोग के मुख्य कारण के रूप में बताया तथा कारणों के साथ-साथ चिकित्सा बताते हुये संगोष्ठी का समापन किया। उन्होंने चिकित्सा में विभिन्न प्रकार के पौष्टिक आहार पर प्रकाश डालते हुये रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के उपाय बताये, योग प्राणायाम एवं अतः प्राकृति विधियों का भी विस्तार से वर्णन किया वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ-साथ दैव्यपक्ष का भी अवलोकन किया गया। संगोष्ठी का संचालन डा. सुजीत कुमार ने किया। इस दौरान आयुर्वेदिक कॉलेज के सभी छात्र/छात्रायें व शिक्षक एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

विश्व कैंसर दिवस पर विवेक कॉलेज में दो दिवसीय संगोष्ठी

■ विवेक आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

4 Feb Hindust

बिजनौर, संवाददाता। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एण्ड हॉस्पिटल, बिजनौर में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के प्रथम दिन मुख्यवक्ता के रूप में प्राचार्य वैद्य संदीप अग्रवाल ने कैंसर रोग के मुख्य निदान एवं चिकित्सा पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने अपने जीवन के अनुभव कैंसर रोगियों के संबंध विद्यार्थीयों को साझा करते हुए बताया कि मूंग की दाल का पानी, मांस रस व प्रियंगु, लोध्र जैसी औषधीय पौधों का विभिन्न प्रकार के अंगों से जुड़े रोग में चमत्कारी प्रभाव डालते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. राजीव लोचन दास ने बताया की द्वन्द्वात्मक प्रकृति एवं मनुष्य का ही एक प्रतिबिंब कोशिकाओं के रूप में उसके अंदर एंक विपरीत परिधान का निर्माण करता है। संगोष्ठी का संचालन डॉ. सुजीत कुमार ने किया इस दौरान आयुर्वेदिक कॉलेज के सभी छात्र/छात्रायें व शिक्षक एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

अमर उजाला

न्यूज़ डायरी

कैंसर के निदान व चिकित्सा पर संगोष्ठी

बिजनौर। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एंड हॉस्पिटल बिजनौर में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में प्राचार्य वैद्य संदील अग्रवाल ने कैंसर रोग के मुख्य निदान एवं चिकित्सा पर प्रकाश डाला। प्राचार्य वैद्य संदीप अग्रवाल ने कैंसर की.बीमारी में प्रयोग की जाने वाली औषधियों पर विस्तृत चर्चा की। प्रोफेसर डॉ. राजीव लोचन दास ने बताया की द्वंद्वात्मक प्रकृति एवं मनुष्य का ही एक प्रतिबिंब कोशिकाओं के रूप में उसके अन्दर एक विपरीत परिधान का निर्माण करता है। उन्होंने चिकित्सा में विभिन्न प्रकार के पौष्टिक आहार पर प्रकाश डालते हुए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के उपाय बताये, योग प्राणायाम एवं अंतः प्रकृति विधियों का भी विस्तार से वर्णन किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. सुजीत कुमार ने किया। संवाद